**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**नई दिल्ली, 3 अप्रैल 2015**

**भाविप्रा की 20 वी वर्षगॉठ के समारोह के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन।**

देश में सभी हवाई अड्डों पर अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने 1 अप्रैल, 2015 को अपनी 20 वीं वर्षगॉठ मनाई। भाविप्रा का वर्षगॉठ समारोह , सीरी फोर्ट आडिटोरियम में पूर्ण उत्साह से मनाया गया। श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे और डॉ0 महेश शर्मा, माननीय नागर विमानन राज्यमंत्री तथा पर्यटन व संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) इस अवसर पर सम्मानित अतिथि थे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम आरभ होने से पूर्व, विभिन्न क्षेत्रों में स्टॉफ एवं अधिकारियों को उनकी उपलब्धियों हेतु सम्मानित किया गया। यह अवार्ड श्री पी. अशोक गजपति राजू, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री द्वारा दिए गए। प्रमुख हवाई अड्डा श्रेणी के अंतर्गत हवाई अड्डा सेवा गुणवत्ता अवार्ड कोलकाता हवाई अड्डा (प्रथम स्थान), अहमदाबाद हवाई अड्डा (द्वितीय स्थान), जयपुर हवाई अड्डा (तृतीय स्थान) ने जीते तथा इसी श्रेणी में अन्य हवाई अड्डा श्रेणी के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय अवार्ड त्रिची, चंडीगढ तथा भुवनेश्वर हवाई अड्डों ने जीते। इसके अलावा, भाविप्रा के कुछ और कर्मचारियों को उनके कार्य निष्पादन के क्षेत्रों में भी उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ने 20 वीं वर्षगॉठ के अवसर पर भाविप्रा परिवार को शुभकामनाए देते हुए कहा कि भाविप्रा आने वाले दिनो में इसी प्रकार निरंतर प्रगति करता रहेगा। डॉ0 महेश शर्मा, माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री तथा पर्यटन व संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कर्मचारियों को शुभकामनाए देते हुए आशा व्यक्त की कि निकट भविष्य में भाविप्रा देश के विकास हेतु अपनी यात्री सेवाओं, राजस्व तथा लाभ में निश्चित रूप से वृद्धि करेगा।

कार्यक्रम के दौरान, उस्ताद पूरन चन्द वडाली, उस्ताद प्यारे लाल वडाली, सूफी गायक व संगीतकार, सुश्री विधा लाल, एक बहुमुखी प्रतिभा की कत्थक नृत्यागंना तथा श्री ख्याली सहारन, हास्य अभिनेता व लाफ्टर चैंपियन ने चुटकलों, नृत्य और सूफी गानों से इस शाम को मनोरंजक बनाकर एक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। लोगों से लबालब भरा आडिटोरियम, वडाली भाईयों के प्रसिद्ध गानों से मंत्रमुग्ध हो गया।

श्री आर.के. श्रीवास्तव, आईएएस, अध्यक्ष, भाविप्रा ने इस शाम के अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्षगॉठ समारोह एक-दूसरे के साथ गर्मजोशी से मिलने का तथा नई विमान अवसंरचना के विकास हेतु, नई ऊर्जा तथा सहयोग से आगे बढने का एक अवसर है तथा एक समय अवधि में संगठन की उपलब्धियों के बारे में बताने का एक मौका भी होता है तथा इसमें देश मे ग्राहकों , अंशधारियों, तथा कर्मचारियों को उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं के बारे में बताया जाता है।

जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी हेतु कृपया संपर्क करें
म.प्र.(ज.सं) 9810025069, 011-24622787

सं. 01/2015-16

सीरीफोर्ट आडोटिरियम, नई दिल्ली में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की 20 वीं वर्ष गॉठ के अवसर पर श्री पी. अशोक गजपति राजू माननीय नागर विमानन केन्द्रीय मंत्री दीप प्रज्ज्वलन करते हुए । चित्र में डॉ महेश शर्मा, माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री तथा पर्यटन व संस्कृति राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभात) (बाएं) तथा श्री आर.के. श्रीवास्तव, आईएएस, अध्यक्ष, भाविप्रा(दाए) दिखाई दे रहे है।